**भारत सरकार**

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 817

उत्तर देने की तारीख: 09.02.2022

**राजस्थान में नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना किया जाना**

**817# श्री नीरज डांगी :**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में विशेषकर राजस्थान में नए केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो राजस्थान के संदर्भ में तत्संबंधी क्षेत्र-वार और जिले-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) राजस्थान के किन-किन जिलों में केन्द्रीय विद्यालय नहीं हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुभाष सरकार)**

(क) और (ख) वर्तमान में, देश में 1245 केन्द्रीय विद्यालय (राजस्थान राज्य में 77 केवि सहित) कार्यात्मक हैं। नए केंद्रीय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) मानदंडों के अनुसार केन्द्रीय विद्यालय केन्द्र सरकार के कर्मचारियों, भूमि और अस्थायी आवास की उपलब्धता के आधार पर खोले जाते हैं। केंद्रीय विद्यालयों को मुख्य रूप से रक्षा और अर्द्धसैनिक बलों के कार्मिकों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षण संस्थानों (आईएचएल) के

कर्मचारियों सहित केन्द्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को एक समान शैक्षिक पाठ्यक्रम के माध्यम से पूरा करने के लिए खोला जाता है। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव पर तभी विचार किया जाता है यदि अथवा भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया गया हो और नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए संसाधनों की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई हो। विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों, जो नए केंद्रीय विद्यालय खोलने संबंधी पूर्व-अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, को ऐसे अन्य प्रस्तावों के साथ 'चुनौती पद्धति' के तहत प्रतिस्पर्धा करनी होती है और ये सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन होता है। केन्द्रीय विद्यालयों को क्षेत्र/जिला-वार आधार पर नहीं खोला जाता है।

(ग) राजस्थान राज्य के सभी 33 जिलों में एक या उससे अधिक केवि मौजूद हैं।

*****